# मालनपुर वायर एंड केबल्स प्लांट का उद्घाटन

**मालनपुर, 13 अक्टूबर. लाइटिंग, पंखे, घरेलू उपकरण, स्टील और पीवीसी पाइप के क्षेत्र में प्रतिष्ठित ब्रांडों में से एक सूर्या रोशनी ने आज मालनपुर में अपने नए वायर्स और केबल्स प्लांट का उद्घाटन किया.**

समारोह में केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर भी उपस्थित थे. समारोह की शुरुआत पूजा-हवन और रिबन काटने के साथ हुई, जिसके बाद अतिथियों ने सुविधा केंद्र का दौरा किया. यह नई सुविधा सूर्या रोशनी के दीर्घकालिक दृष्टिकोण का हिस्सा है, जिसके तहत वह अपने पोर्टफोलियो में




विविधता लाकर उच्च गुणवत्ता वाले औद्योगिक एवं उपभोक्ता उत्पादों की बढ़ती माँग को पूरा करना चाहती है. नई इकाई में अत्याधुनिक तकनीक और स्वचालित मशीनरी होगी, जिससे घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय, दोनों ही गुणवत्ता मानकों के अनुरूप तारों और केबलों का उत्पादन सुनिश्चित होगा. मालनपुर संयंत्र देश भर के प्रमुख बाज़ारों की सेवा के लिए रणनीतिक रूप से स्थित है. इससे न केवल संयंत्र की उत्पादन क्षमता बढ़ेगी, बल्कि क्षेत्र में रोज़गार के अवसर भी पैदा होंगे, स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा और मेक इन इंडिया पहल में योगदान मिलेगा.

सूर्या रोशनी लिमिटेड के अध्यक्ष जेपी अग्रवाल ने कहा कि मालनपुर वायर्स एंड केबल्स प्लांट हमारे लिए एक महत्वपूर्ण कदम है.

### नई सुविधा अवसर पैदा करेगी : सिंधिया

यह गुणवत्तापूर्ण उत्पाद बनाने और क्षेत्र में विकास को बढ़ावा देने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है. यह नई सुविधा हमें उच्च गुणवत्ता वाले तार और केबल बनाने में मदद करेगी जो पूरे भारत में एक मज़बूत और विश्वसनीय विद्युत अवसंरचना के निर्माण के लिए आवश्यक हैं और स्थानीय स्तर पर और अधिक अवसर पैदा करेगी. सूर्या रोशनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राजू बिस्टा ने कहा कि यह प्लांट सूर्या की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है.

# राज्य स्तरीय स्वच्छता सम्मान समारोह आज

**कार्यशाला भी होगी, महापौर भी लेंगे हिस्सा**

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 13 अक्टूबर. नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा 14 अक्टूबर मंगलवार को भोपाल के रवीन्द्र भवन हंसध्वनि सभागार में 5वां राज्य स्तरीय स्वच्छता सम्मान समारोह एवं कार्यशाला स्वच्छता समग्र का आयोजन किया जा रहा है.**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दोपहर एक बजे समारोह में उल्लेखनीय कार्य करने वाले नगरीय निकायों को स्वच्छता सम्मान प्रदान करेंगे. समारोह में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी भी मौजूद रहेंगी.

आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास संकेत भोंडवे ने बताया कि कार्यक्रम में स्वच्छता पखवाड़ा पर आधारित विशेष फिल्म एवं स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के डिजिटल पोस्टर का लोकार्पण भी किया जायेगा. कार्यक्रम में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय दुबे, स्वच्छ भारत मिशन एवं प्रदेश के शहरी विकास के रोडमेप की रूपरेखा प्रस्तुत करेंगे.

## एक नजर में

### सहायक राजस्व निरीक्षक रिश्वत लेते गिरफ्तार

**शहडोल.** जिले की धनपुरी नगरपालिका में सोमवार दोपहर लोकायुक्त पुलिस ने एक सहायक राजस्व निरीक्षक को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया. लोकायुक्त पुलिस सूत्रों के अनुसार धनपुरी नगरपालिका के वार्ड नंबर-2 के निवासी योगेन्द्र मेहरा द्वारा अपनी भूमि पर मकान निर्माण किया जा रहा था, जिसे सहायक राजस्व निरीक्षक इंद्रबहादुर सिंह ने रुकवा दिया और दस हजार रूपए की माँग की थी. इसकी शिकायत योगेन्द्र ने लोकायुक्त पुलिस को दी. इस मामले में जांच पड़ताल के बाद लोकायुक्त पुलिस ने आरोपी को तीन हजार की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया.


### बाघ शावकों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

**उमरिया.** मध्यप्रदेश के उमरिया जिले स्थित बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में एक गिरे हुए सूखे पेड़ के खोह में से बचा कर निकाले गए दो बाघ शावकों को अब जंगल में जीवन व्यतीत करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा. इन दो बाघ शावकों का सफल रेस्क्यू कर उन्हें ताला ले जाया गया है. दोनों की उम्र लगभग 4 से 5 वर्ष है. इन शावकों को जंगल में एक जंगली बाघ कैसे जीते हैं और शिकार करते हैं, उसकी सीख दी जाएगी. बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के संचालक अनुपम सहाय ने बताया कि पनपथा बफर जोन में गश्ती दल ने एक गिरे हुए पेड़ के खोह में घुसते हुए बाघ शावकों को देखा. सर्चिंग करने पर वहां किसी मादा या नर बाघ के मौजूद होने के निशान नहीं मिले.

# लव जिहाद से बेटियों का हो रहा जीवन बर्बाद

## महामंडलेश्वर आत्मानंद गिरि का बयान

**मंडला. निवास क्षेत्र में अपने अल्प प्रवास पर पहुंचे महामंडलेश्वर आत्मानंद गिरि जी महाराज ने मुस्लिम समाज को लेकर तीखा बयान देते हुए कहा कि जो समाज अपनी ही बहनों को बहन नहीं मानता, मामा-चाचा-दादा की बेटियों से विवाह करता है, वह किसी पराई बेटी को बहन कैसे मान सकता है.**



- **लव जिहाद से बेटियों को निशाना बनाया**
- **समाज को अब रहना होगा सजग और सतर्क**

उन्होंने कहा कि आज देश में 'लव जिहाद' जैसे षड्यंत्रों से भारत की बेटियों का जीवन बर्बाद किया जा रहा है, इसलिए समाज को अब सजग और सतर्क रहना होगा.गिरी महाराज ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि समाज को अपनी बेटियों की सुरक्षा के प्रति अधिक जागरूक होना चाहिए, क्योंकि उनकी आस्था और संस्कारों को कमजोर करने के लिए छल-कपट का तंत्र सक्रिय है. उन्होंने कहा, ये कालनेमी जैसे लोग हैं, जो कहते कुछ हैं और करते कुछ और. लव जिहाद के माध्यम से हमारी बेटियों को निशाना बनाया जा रहा है. वर्तमान में महामंडलेश्वर आत्मानंद गिरि जी महाराज मझगांव में चल रही श्रीराम कथा महोत्सव में प्रवचन दे रहे हैं. कथा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर धर्म एवं सनातन संस्कृति के संदेश सुन रहे हैं.

> निवास पधारे महाराज ने समाज को सजग, एकजुट और संस्कारशील रहने का संदेश देते हुए कहा कि जब तक माताएं और बेटियां धर्म के प्रति सचेत रहेंगी, तब तक कोई भी शक्ति उन्हें भ्रमित नहीं कर सकेगी. इस अवसर पर कथा समिति के पदाधिकारियों ने महाराज श्री का पुष्पमालाओं से स्वागत किया. गांव के भक्तों ने निवास स्थान पर महाराज से आशीर्वाद लिया और संत प्रवचन को समाज की दिशा बदलने वाला बताया.



## प्रधानमंत्री मोदी की पत्नी जशोदा बेन ने किए महाकालेश्वर के दर्शन

**उज्जैन.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पत्नी जशोदा बेन ने आज महाकालेश्वर मंदिर पहुंचकर भगवान श्री महाकालेश्वर जी के दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त किए. भगवान का पूजन-अभिषेक मंदिर के पुजारी भारत गुरु द्वारा विधिवत संपन्न कराया गया. इस अवसर पर महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से सहायक प्रशासक हिमांशु कारपेंटर द्वारा जशोदा बेन का सम्मान किया गया.

# विंग कमांडर ने सांदीपनि विद्यालय के बच्चों को किया प्रेरित

**नवभारत न्यूज**

**बरगवां 13 अक्टूबर। सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरगवां में एयर फोर्स के विंग कमांडर जे श्रीनिवास कमाडिंग ऑफिसर के द्वारा अपने साथ सिक्स एयर वॉरियर्स के साथ सांदीपनि स्कूल बरगवां में अध्ययन करने वाले छात्राओं को एयरफोर्स के महत्व को बताया गया।**

कमांडिंग ऑफिसर जे श्रीनिवास ने बताया गया कि असम से म.प्र. तक के सफर में म.प्र. के अंदर प्रवेश करते ही सड़क को एकदम खाली कर दिया गया, ताकि



हमें आने जाने में कोई समस्या ना हो। श्रीनिवास ने आगे बच्चों को वायु सेना में जाने के लिए क्या करना होगा, इसके बारे में बताया। कमांडिंग ऑफिसर जे श्रीनिवास ने अग्निवीर में जाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को खेल के बारे में बताया, जहां कक्षा 12वीं की छात्रा पूजा यादव द्वारा क्रिकेट खेल के बारे में अपनी रुचि बताई गई। साथ ही आगे सेना में जाने का सपना बताया, जिससे खुश होकर विंग कमांडर द्वारा अपना पेन देकर शुभकामनाएं प्रदान की गई।

## परशुराम सेना जिलाध्यक्ष को पुलिस का नोटिस

**ग्वालियर.** क्राइम ब्रांच पुलिस ने परशुराम सेना भिंड के जिला अध्यक्ष देवेश शर्मा उर्फ सोनू को सोशल मीडिया पर कथित रूप से भड़काऊ पोस्ट डालने के मामले में नोटिस जारी किया है. नोटिस में 24 घंटे के भीतर जवाब मांगा गया था, जिसका जवाब देवेश शर्मा ने अपने वकील के माध्यम से प्रस्तुत कर दिया है.ग्वालियर क्राइम ब्रांच की ओर से जारी नोटिस में कहा गया कि परशुराम सेना भिंड नाम के फेसबुक पेज से एक वीडियो पोस्ट किया गया, जो आपसी वैमनस्य बढ़ाने वाला पाया गया. नोटिस में देवेश शर्मा से यह स्पष्ट करने को कहा गया था कि क्या संबंधित फेसबुक पेज उनके द्वारा संचालित है और क्या उन्होंने ही उक्त पोस्ट साझा की है.

# छात्रों को दी गई सीपीआर तकनीक की प्रशिक्षण जानकारी

## रेडक्रॉस की पहल, हर छात्र बने जीवन रक्षक

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 13 अक्टूबर। इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी सिंगरौली द्वारा 13 से 17 अक्टूबर तक संचालित सीपीआर जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत सरस्वती शिशु मंदिर, बैढ़न में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत सीपीआर कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन तकनीक का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।**

यह प्रशिक्षण रेडक्रॉस फर्स्ट एड ट्रेनर डॉ. सुशील सिंह चंदेल द्वारा दिया गया, जिन्होंने छात्रों को सरल भाषा में बताया कि सीपीआर आपात स्थिति में किसी



व्यक्ति का जीवन बचाने की सबसे प्रभावी तकनीक है। उन्होंने व्यावहारिक अभ्यास के माध्यम से छात्रों को छाती पर दबाव देने की सही विधि, दर 100 से 120 बार प्रति मिनट और श्वास देने की प्रक्रिया समझाई। कार्यक्रम में रेडक्रॉस सोसायटी सिंगरौली के सचिव डॉ. ओपी राय, प्रधानाध्यापक अश्वनी सोनी, प्रधानाचार्य जय प्रकाश पांडेय, रेडक्रॉस कोऑर्डिनेटर जय प्रकाश दुबे सहित विद्यालय के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ मौजूद रहे। इस पहल का उद्देश्य युवाओं में जीवन रक्षक तकनीकों के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं आपातकालीन स्थिति में तत्परता से सहायता करने की भावना विकसित करना रहा।

# कलेक्टर ने पटाखा विक्रय भण्डारण के जॉच के लिए दल किया गठित

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 13 अक्टूबर। जिला मजिस्ट्रेट एवं कलेक्टर गौरव बैनल ने जिले में विदेशी पटाखा का विक्रय भण्डारण की जॉच के लिए दल गठित कर समस्त पटाखा विक्रेताओं की दुकानो की जॉच एवं विदेशी पटाखा का विक्रय पाये जाने पर संबंधित विक्रेताओ के विरूद्ध कार्यवाही करने का आदेश दिया गया है।**

आगामी दीपावली एवं अन्य त्योहारो के आयोजन के दौरान जिले में अत्याधिक पटाखा विक्रय भण्डारण की संभावना को दृष्टिगत रखते हुये समस्त पटाखा अनुज्ञप्ति धारको की जॉच एवं



भण्डारित विस्फोटक की मात्रा के भौतिक सत्यापन के लिए निम्नानुसार जॉच दल गठित किया गया है।

जिसके तहत अनुविभाग के लिए एसडीएम सुरेश जाधव एवं सीएसपी पीएस परस्ते, गौरव पाण्डेय एसडीओपी, अनुविभाग देवसर में एसडीएम अखिलेश कुमार सिंह, एसडीओपी गायत्री तिवारी, थाना प्रभारी जियावन ज्ञानेन्द्र सिंह, एसडीएम सौरभ मिश्रा, एसडीओपी राहुल सैयाम, थाना प्रभारी चितरंगी सुधेश तिवारी को नियुक्त किया गया। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा अनुविभाग माड़ा में उपखण्ड मजिस्ट्रेट माड़ा नंदन तिवारी एवं थाना प्रभारी माड़ा शिवपूजन मिश्रा को जॉच दल में नियुक्त किया गया है। जारी आदेश के तहत इस आशय के निर्देश दिए गए है कि अपने क्षेत्रांतर्गत संचालित पटाखा दुकानो की जॉच कर संयुक्त जॉच प्रतिवेदन तीन दिवस के भीतर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेगे।

# मिठाई दुकानों का खाद्य औषधि टीम ने लिया नमूना

## कलेक्टर के निर्देश पर सक्रिय हुआ अमला

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 13 अक्टूबर। दीपावली त्योहार नजदीक आते ही खाद्य पदार्थो में मिलावटखोर सक्रिय हो गये हैं। इन पर शिकंजा कसने के लिए कलेक्टर गौरव बैनल ने खाद्य औषधि टीम को सख्त कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया। उक्त टीम आज बैढ़न एवं विंध्यनगर के कई मिष्ठान दुकानों में पहुंच मिठाईयों, दूध एवं केक का सेम्पल लिया है।**

जानकारी के अनुसार



आज दिन सोमवार को कलेक्टर के निर्देश पर आगामी त्यौहार दीपावली को दृष्टिगत रखते हुए जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मिठाई की दुकानो, कारखानों एवं अन्य प्रतिष्ठानों में खाद्य औषधि टीम ने निरीक्षण कर नमूना कार्रवाई की गई । जहां कार्यवाही के दौरान राजस्थान मिष्ठान भंडार इंदिरा चौक विंध्यनगर से खोवा बर्फी एवं केसर कतली एवं आनंद स्वीट्स इंदिरा चौक से काजू बर्फी, गुलाब जामुन तथा नमकीन का नमूना लिया गया। साथ ही इंदिरा चौक नवजीवन विहार स्थित राजस्थान स्वीट्स से कलाकंद एवं मिल्क केक का नमूना मानक स्तर की जांच के लिए लिया जाकर राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजा जा रहा है रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। कार्रवाई के दौरान कारखाने में एवं दुकानों में पर्याप्त स्वच्छता एवं गुणवत्तापूर्ण सामग्री बेचने व बनाने के निर्देश दिए गए।

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है हम कि 1-सुखरनिया देवी पति राम अवतार उम्र-60 वर्ष आधार क्र.-5148 2529 7697, 2-राधिका खैरवार पिता मोती खैरवार उम्र-49 वर्ष, आधार क्र. -5105 5644 1705, 3-शारदा खैरवार पिता मोती खैरवार उम्र-44 वर्ष, आधार क्र. -94935150 3994, 4- सोनमती पति लक्ष्मन खैरवार उम्र-39 वर्ष, आधार क्र. -5355 8861 1258 सभी का निवासी मुहेर पोस्ट गोरबी जिला सिंगरौली (म.प्र.) का निवासी हूँ। यह कि सौमरिया (सुमरिया) जो हमारे माता एवं सास है जिनका दिनांक-22.01.2023 को मृत्यु हो चुकी है। जिनके नाम से मकान क्र. -B -339, नोटिस क्र. 80, मुआवजा प्रकरण क्र.-763 आरजी संख्या 16 है, जो एन.सी.एल. ब्लाक बी गोरबी द्वारा अधिग्रहित किया गया है। उक्त मकान का जो एन.सी.एल. ब्लाक बी द्वारा रू-1168400.09 /- (ग्यारह लाख अड़सठ हजार चार सौ रूपये नौ पैसे मात्र) मुआवजा जो बनाया गया है जो कि मेरे माता एवं सास के नाम से जो भी मुआवजा बनता है। उस मुआवजा को हम सभी के नाम से बराबर-बराबर से चेक बना दिया जाये जिसे हम सहमत कर्ता सम्पूर्ण सहमत हैं। उक्त मुआवजा राशि सौमरिया (सुमरिया) के नाम से जो भी हिस्सा आता है, उस मुआवजा राशि को हम सभी के नाम से बराबर-बराबर के नाम से चेक बनाने के बावत यह शपथ पत्र /सहमत-पत्र प्रस्तुत कर रहे हैं।

**शपथकर्ता**

# मोरवा पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर को किया गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 13 अक्टूबर। मोरवा थाना क्षेत्र बूढ़ीमाई रोड में खड़ी एक मोटरसाइकिल को अज्ञात चोरों ने पार कर दिया था। जहां टीआई ने चोरों को पकड़ने के लिए टीम गठित किया और आज पुलिस टीम ने बाईक के साथ चोर को भी दबोचने में सफलता हासिल की।**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी ज्ञानेन्द्र सिंह थाना आकर सूचना दिया कि वह अपने मोटरसाइकिल बजाज पल्सर क्रमांक एमपी 17 एनसी 3956 से अपने दोस्त के घर ग्राम बूढ़ी माई रोड मोरवा के यहां गया था, जहां खाना पीना खाने के बाद जैसे ही बाहर निकला तो उसकी मोटरसाइकिल बजाज पल्सर अज्ञात चोरो द्वारा चोरी कर लिया गया है जिसकी रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया, विवेचना दौरान आज दिन सोमवार को जरिये मुखबिर सूचना मिली की एक व्यक्ति ग्राम चटका बस्ती में गाड़ी बेचने के लिये आया है की सूचना पर तत्काल एक पुलिस टीम थाना प्रभारी मोरवा के नेतृत्व में गठित कर संदिग्ध व्यक्ति की घेराबंदी कर पकड़ा गया, जिससे पूछतांछ किया गया जो अपना नाम आर्यन वर्मा उर्फ मिन्टू वर्मा पिता छोटेलाल साकेत उम्र 23 वर्ष निवासी पंजरेह बस्ती थाना मोरवा बताया और गाड़ी के संबंध में कागजात मांगा गया, जो प्रस्तुत नही कर पाया व पूछतांछ में मोटरसाइकिल चोरी का होना बताया। जहां आरोपी को तत्काल गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्रवाई में सउनि पिन्टू राय, सउनि संतोष सिंह, सउनि संजीत सिंह, प्रआर कुलदीप शर्मा, आर सौरभ सिंह, अजय यादव की महत्तवपूर्ण भूमिका रही।



# रिहायशी इलाके में खोली पटाखे की दुकान दुर्घटना को दे रहा आमंत्रण

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 13 अक्टूबर। दिवाली में एक सप्ताह शेष है ऐसे में जहां दिल्ली में पटाखे चलाने को लेकर 2 घंटे की ढील के साथ लोगों को ग्रीन पटाखों को चलाने की अनुमति दी गई है। वहीं सिंगरौली जिले में हर वर्ष की भांति फिलहाल प्रदूषण को मद्देनजर रखते हुए एनजीटी का कोई आदेश अभी तक नहीं आया है।**

बीते समय में भी दीपावली के अवसर पटाखा व्यवसायियों को निगम क्षेत्र से बाहर और रिहायशी इलाकों से दूर पटाखा वितरण की अनुमति मिलती रही है। परंतु जिले के मोरवा स्थित गायत्री मंदिर रोड पर इस बार बिना अनुमति के ही पटाखे की दुकान खोल दी गई है। जानकारी अनुसार रिहायशी इलाके में खोली गई दुकान के बगल में कई मकान संचालित हैं और यहां भारी आबादी रहती है। यदि ऐसे में यदि कोई दुर्घटना होती है, तो यह एक भारी क्षति हो सकती है। स्थानीय लोगों ने इस ओर जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया है।

# कलेक्टर से बाल कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने की मुलाकात

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 13 अक्टूबर। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने कलेक्टर गौरव बैनल से कलेक्ट्रोरेट में मुलाकात किया।**

बैठक के दौरान समिति ने जिले में बाल संरक्षण, पुनर्वास, देखरेख एवं लालन पालन पोषण पुनर्वास व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान समिति के



अध्यक्ष आरडी पाण्डेय, पूनम मिश्रा, पूनम त्रिपाठी, देवधर शर्मा, पूर्व सदस्य व पाक्सो के सपोर्ट विनोद सिंह मौजूद रहे।

## बस ने कार को मारी टक्कर, हादसा टला

**सिंगरौली 13 अक्टूबर।** परसौना मोड़ पर एक तेज रफ्तार बस के चालक ने स्विफ्ट डिजायर कार को टक्कर मार दिया। जहां चालक बाल-बाल बच गया, लेकिन कार चालक, बस चालक से भीड़ गया। जानकारी के अनुसार परसौना मोड पर तेज रफ्तार प्रिया तिवारी ट्रैवल्स की बस ने स्विफ्ट डिजायर कार को जोरदार टक्कर मार दिया। जहां चालक स्विफ्ट डिजायर चालक बाल-बाल बच गया। वहीं मौके पर भीड़ एकत्रित हुई और बस चालक के साथ हुई मारपीट होने लगी। स्थानीय लोग बीच-बचाव कर विवाद को शांत कराया। मामला पुलिस तक नही पहुंचा।

**कार्यालय नगर पालिक निगम सतना (म.प्र.)**

Nit क्र.04 (E.T.)/वर्कशाप/न.पा.नि./2025-26 — सतना दिनांक 10.10.2025

**-: निविदा आमंत्रण सूचना:-**

निम्मलिखित कार्य हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है. सम्बन्धित फर्म / अधिकृत विक्रेता या संस्था केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत आइटम रेट निविदा दरें प्रस्तुत कर सकते हैं. निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gvo.in पर देखा जा सकता है.

| क्र. | निविदा क्रमांक व दिनांक | टेण्डर क्रमांक | सामग्री / मशीनरी | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | सामग्री (पार्ट्स) प्रदाय की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 04 10.10.2025 | 2025_UAD _457062_1 | विभागीय वाहनों भिन्न साईज के टायर, ट्यूब क्रय. (पंचम काल) | 22,00,000/- | 50,000/- | 5,000/- | वित्तीय वर्ष 2025-2026 |

शर्तें:- 1.निविदा प्रपत्र वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर दिनांक 11.10.2025 समय 18.30 से दिनांक 27.10.2025 समय 17.30 बजे तक ऑनलाईन भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेगा. 2. निविदा में संसोधन की सूचना वेबसाईट पर ही प्रकाशित की जावेगी, समाचार पत्र पर संसोधन की सूचना प्रकाशित नहीं की जावेगी.

**विभागाध्यक्ष ( वर्कशाप -शाखा )**
**नगर पालिक निगम, सतना ( म.प्र. )**